आईआईएफएल की वित्तीय साक्षरता यात्रा

डेली न्यूज, जयपुर। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी आईआईएफएल फाइनेंस ने आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ मिलकर वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए राजस्थान के 37 शहरों में 7400 किलोमीटर का सफर तय किया और 200 से अधिक जगहों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। इसमें मुश्किल दौर से गुजर रहे एक मध्यमवर्गीय परिवार की कहानी बताई गई और यह बताया गया कि मुश्किल समय के लिए धन को बचाना कितना जरूरी है। साथ ही यह भी बताया गया कि आत्मनिर्भर होने के लिए वित्तीय आत्मनिर्भरता जरूरी है। इन नुक्कड़ नाटकों को सड़क से गुजरने वाले हजारों लोगों ने देखा जिसमें हर क्षेत्र के लोग थे। आईआईएफएल फाउंडेशन की सीईओ डॉ. सारिका कुलकर्णी ने कहा कि हमारी प्राथमिक लक्ष्य ईएसजी यानि इंवायरमेंट, सोशल और गवर्नेंस हैं। वित्तीय साक्षरता हासिल करना व्यक्तिगत लक्ष्य या ड्रीम नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य व समाज की आधारशिला है। आईआईएफएल ग्रुप की गैरबैंकिंग इकाइयां इंडिया इंफोलाइन फाइनेंस लिमिटेड है।